केन्द्रीय विद्यालय संगठन से अपनी पूर्व राजकीय सेवाओं की अवधि को वर्तमान सेवा अवधि में सम्मिलित किये जाने की मांग की है ;

(ख) केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने इस संबंध में क्या नियम बनाये हैं ; और

(ग) केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने इस दिशा में अब तक क्या कार्यवाही की है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिमन भाई मेहता) : (क) जी हां।

(ख) केन्द्रीय विद्यालय संगठन विगत की सेवा के आकलन के संबंध में आवश्यक परिवर्तन सहित भारत सरकार के नियमों का अनुसरण करता है।

(ग) प्रधानाचार्यों से प्राप्त अनुरोधों की जांच की जाती है और उन पर भारत सरकार के नियमों/आदेशों को ध्यान में रख कर निर्णय लिये जाते हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शासी बोर्ड का पुनर्गठन

2143. श्री ईश दत्त यादव : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शासी बोर्ड का पुनर्गठन करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) क्या इस बोर्ड में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के कार्यरत प्रतिनिधियों को सहयोजित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिमन भाई मेहता) : (क) जी, नहीं।

(ख) केन्द्रीय विद्यालय संगठन 1860 के सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम (xxi) के अधीन एक पंजीकृत सोसाइटी है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन के संघ के ज्ञापन तथा नियमों में केन्द्रीय विद्यालय संगठन तथा इसके शासी बोर्ड के कर्मचारियों के प्रतिनिधित्व का प्रावधान नहीं है। अब संगठन के कार्यशील संगठनों के प्रतिनिधियों को बोर्ड में सहयोजित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, अखिल भारतीय केन्द्रीय विद्यालय शिक्षक संघ ने इस संबंध में मांग की है और संगठन के अध्यक्ष के हुई बैठक में इसके लिये दबाव डाला है।

केन्द्रीय विद्यालय जोरहाट के बैंक खाते से अवैध रूप से रकम का निकाला जाना

2144. श्री ईश दत्त यादव : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय विद्यालय, जोरहाट (असम) में एक गणित शिक्षक ने विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष को गलत सूचना देकर विद्यालय के बैंक खाते से अवैध ढंग से कुछ राशि निकाल ली थी ;

(ख) यदि हां, तो केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने उक्त शिक्षक के विरुद्ध क्या कार्यवाही की है ; और

(ग) यदि अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है, तो केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने इस संबंध में क्या निर्णय लिया है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिमन भाई मेहता) : (क) से (ग) उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार जोरहाट स्थित केन्द्रीय विद्यालय की विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष